पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ०प्र०
(राज्यपाल सूचना परिसर)
———————

# राज्यपाल ने माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित वर्ष-2025 की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा में उत्तीर्ण सभी विद्यार्थियों को दी शुभकामनाएं

———————

लखनऊ : 25 अप्रैल, 2025

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित वर्ष–2025 की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में सफल सभी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

राज्यपाल जी ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, दृढसंकल्प, अनुशासन और शिक्षकों व अभिभावकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने कामना की है कि ये छात्र–छात्राएं भविष्य में नई ऊँचाइयां प्राप्त करें और देश व प्रदेश का नाम रोशन करें। उन्होंने छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि यह समाज में सकारात्मक बदलाव और महिला सशक्तिकरण का प्रतीक है।

————————

संपर्क सूत्र :
डॉ0 संगीता चौधरी,
सूचना अधिकारी, राजभवन
मो0: 9161668080

